पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने "स्वस्थ गांव तक–स्वस्थ घर तक" मिशन के तहत "डाक्टर ऑन व्हील्स" कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

———————

"डाक्टर ऑन व्हील्स" की बसों को राज्यपाल ने हरी झंडी दिखाई

———————

स्वस्थ घर तक मिशन के तहत मिलेगी गुणवत्तायुक्त चिकित्सा सुविधा

———————

राज्यपाल ने की "स्वस्थ घर तक" मिशन की शुरूआत

———————

डाक्टको के सहयोग से "स्वस्थ घर" तक मिशन प्रारम्भ–
श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———————

लखनऊ : 13 अगस्त, 2021

"स्वस्थ गांव तक–स्वस्थ घर तक" मिशन के तहत "डाक्टर ऑन व्हील्स" कार्यक्रम के लिये सुपर–स्पेशियलिटी सेक्टर में भारत के अग्रणी स्टार्ट–अप डाक्टको की पहल पर स्वस्थ घर तक के बेड़े में शामिल 11 बसों को आज राजभवन से उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने झंडी दिखाकर विभिन्न जनपदों हेतु चिकित्सा सेवाओं के लिये रवाना किया। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि डाक्टको की "स्वस्थ घर तक" जैसी नेक पहल को झंडी दिखाकर प्रदेश की जनता को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना मेरे लिये गौरव की बात है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि ये बसें थर्मल स्कैनर, ऑक्सीमीटर, ई0सी0जी मशीन सहित अन्य जरूरी उपकरणों से सुसज्जित हैं, इससे जन सामान्य को आसानी से जरूरी चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि हम देश की आजादी का 75वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर दूर–दराज के ग्रामीण क्षेत्रों, कस्बों तथा शहरों को गुणवत्तायुक्त सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

डाक्टको के संस्थापक श्री निमिथ अग्रवाल ने बताया कि "स्वस्थ घर तक" का बेड़ा अब तक 2 लाख 31 हजार से अधिक स्क्रीनिंग और परीक्षण करने तथा 50 हजार से अधिक लोगों का उपचार करने के लिये आज से आगरा, अलीगढ़, मेरठ, मथुरा और वाराणसी में लगभग 2.7 मिलियन आबादी को कवर करेगा। उन्होंने बताया कि "स्वस्थ घर तक" की इस पहल से हम कोविड के शुरूआती लक्ष्य मधुमेह, उच्च्व रक्तचाप, हृदय रोग तथा कैंसर जैसी अन्य बीमारियों वाले लोगों को बुनियादी दवायें एवं उपचार मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बस में 3 सदस्यीय मेडिकल स्टॉफ तथा एक डाक्टर चिकित्सीय परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव श्री राजेन्द्र कुमार तिवारी, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता, डाक्टको के सह संस्थापक कर्नल हेम राज परमार, डॉ0 नीलम मोहन, श्री प्रवीर अग्रवाल, डा0 ए0पी0 माहेश्वरी सहित संस्था के अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

———————

राजभवन (13/10)